एसीबी ने एएसआई 35 सौ रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया

जयपुर 31 जुलाई 2019 भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय स्पेशल यूनिट में बुधवार को कार्यवाही करते हुए सीकर जिले के पाटन पुलिस थाने में कार्यरत एएसआई (ASI)अशोक कुमार रेगर को 35 सौ रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अतिरिक्त महानिदेशक श्री सौरव श्रीवास्तव ने बताया कि परिवादी ने पाटन पुलिस थाने में 18 जुलाई को मारपीट का मुकदमा दर्ज करवाया था जिस पर सामने वाली पार्टी ने भी क्रॉस मुकदमा दर्ज करवा दिया।उक्त मुकदमें में से परिवादी की लड़की का नाम हटाने की एवज में एएसआई अशोक कुमार रैगर परिवादी से 5 हजार रुपए की रिश्वत की राशि की मांग कर रहा था।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अतिरिक्त अधीक्षक पुलिस स्पेशल यूनिट जयपुर श्री हेमाराम चौधरी के नेतृत्व में उक्त मांग का सत्यापन करवाया गया ।सत्यापन के दौरान एएसआई ने 15 सौ रुपए की रिश्वत ली। एवं आज ट्रैप कार्रवाई के दौरान एएसआई अशोक कुमार रेगर को 35 सौ रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया रिश्वत की यह राशि आरोपी की पहनी हुई पेंट की जेब से बरामद की गई एवं अग्रिम कार्रवाई जारी।